भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1119
10 फरवरी, 2023 को जवाब दिया

वस्त्र उद्योग का विकास और विस्तार

1119. श्री नीरज डांगी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा बीते दो वर्ष के अंतर्गत वस्त्र एवं कपड़ा क्षेत्र में किए गए निर्यात की स्थिति का देश-वार और मात्रा-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में निर्माणाधीन वस्त्र निर्यात केंद्र के विकास पर अब तक कितनी राशि व्यय की गई है;

(ग) क्या सरकार द्वारा देश में वस्त्र उद्योग के विकास और विस्तार के लिए एक प्रोत्साहन योजना कार्यान्वित की गई है;

(घ) यदि हां, तो उक्त योजना के अंतर्गत इस प्रयोजनार्थ कुल कितनी राशि निर्धारित की गई है; और

(ड़) इस योजना के माध्यम से कपड़ा उत्पादन, रोजगार के अवसरों के सृजन और विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए निर्धारित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): पिछले दो वर्षों के दौरान हस्तशिल्प सहित वस्त्र और अपैरल के निर्यात का देश-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): ऐसा कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।

(ग) से (ङ): सरकार ने वर्ष 2024-25 से वर्ष 2028-29 तक की अवधि के लिए 10,683 करोड़ रुपये के अनुमोदित वित्तीय परिव्यय के साथ भारत की विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात को बढ़ाने के लिए मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) अपैरल, एमएमएफ फैब्रिक्स और तकनीकी वस्त्रों को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी है। पीएलआई योजना के तहत 64 आवेदकों का चयन किया गया था। इस योजना से 19,798 करोड़ रुपये का निवेश जुटाने की उम्मीद है और एमएमएफ तथा तकनीकी वस्त्रों में 2,45,362 के प्रस्तावित रोजगार सहित 1,93,926 करोड़ रूपए का कारोबार होने का अनुमान है।

अनुबंध

पिछले दो वर्षों के दौरान हस्तशिल्प सहित वस्त्र और अपैरल के निर्यात का देश-वार ब्यौरा

मूल्य अमेरिकी बिलियन डालर में

क्र.सं.	देश	2020-21	2021-22
1	यूएसए	8284	11848
2	बांग्लादेश पीआर	2136	5180
3	संयुक्त अरब अमीरात	2211	2661
4	यू के	1650	2138
5	जर्मनी	1350	1596
6	चीन पी आरपी	1459	1475
7	फ्रांस	817	1040
8	स्पेन	700	943
9	तुर्कीये	460	919
10	नीदरलैंड	677	908
11	अन्य देश	11841	15728
कुल निर्यात		31585	44435

***